हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 26 दिसम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व सुशासन और विकास का प्रतीक



# पूरे दिन चली विक्षोभ की बर्फीली हवाएं, फिर गिरेगा रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से एक बार फिर पारा में गिरावट होने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं का प्रवाह शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानी सर्द हवाओं के प्रभाव से एक बार फिर शहर सहित पूरे संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

दिसम्बर के प्रारंभ से ही सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस बीच उत्तर भारत में विक्षोभ के पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण पारा में आंशिक वृद्धि भी दर्ज की गई है इसके बावजूद दिसम्बर की शुरूआत से ही पारा 6.0 डिग्री सेल्सियस के नीचे स्थिर है। उत्तर भारत में लगातार दो-तीन पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के बावजूद पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रवाह पर कोई असर नहीं पड़ा है। पिछले दो दिनों से शहरी क्षेत्रों में कोहरा से राहत है लेकिन मैदानी इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा छा रहा है। कोहरा छंटने के बाद धूप की उष्मा बढ़ी है। मंगलवार को दिन के तापमान में लगभग 2.0 डिग्री की वृद्धि भी दर्ज की गई थी लेकिन गुरूवार को उत्तर की सर्द हवाएं पहुंचने के साथ ही पारा में गिरावट आने का क्रम शुरू हो गया है। मौसम कार्यालय द्वारा गुरूवार को न्यूनतम पारा 5.7 डिग्री वहीं अधिकतम पारा 24.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाओं के प्रभाव से शुक्रवार से एक बार फिर पारा में गिरावट होने के साथ ही ठंड बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि एक अन्य विक्षोभ उत्तर भारत की ओर अग्रसर है तथा विक्षोभ के 27 दिसम्बर को सक्रिय होने की संभावना है। कमजोर होने के कारण विक्षोभ का ठंड पर कोई खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। विक्षोभ के प्रभाव से दिसम्बर के अंतिम दिनों में फिर से कोहरा का प्रभाव बढ़ने की संभावना है।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, पठारी क्षेत्रों में पड़ेगा अधिक प्रभाव

### सरगुजा सर्वाधिक ठंडा

छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों की तुलना में सरगुजा की जलवायु अलग है। उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाएं सरगुजा की जलवायु को विशेष रूप से प्रभावित करती हैं जिसके कारण यहां प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक ठंड पड़ती है। यही कारण है कि नवम्बर मध्य से ही सरगुजा छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है। मध्य छत्तीसगढ़ के लोग जब सरगुजा की सीमा में प्रवेश करते हैं यहां की ठंड उन्हें कंपकपा कर हैरानी में डाल देती है। मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में ताकतवर विक्षोभ के प्रभावशील होने पर ही ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे है।



### पठारी क्षेत्रों में दिखेगा असर

मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि उत्तर की बर्फीली हवाएं सबसे पहले ऊंचाई वाले पठारी क्षेत्रों को प्रभावित करती हैं तथा तापमान में तेज गिरावट होती है। धीरे-धीरे ठंडी हवाएं मैदानी इलाकों में फैलती हैं जिससे पठारी क्षेत्रों के पारा में तेज गिरावट जबकि मैदानी इलाकों में पारा धीरे-धीरे गिरता है। इस बार भी पठारी क्षेत्रों में ठंड का अधिक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

## खबर संक्षेप

### कार्य में लापरवाही पर दो पटवारी निलंबित

**अंबिकापुर।** धान खरीदी व एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर कलेक्टर बलरामपुर ने दो पटवारी को निलंबित कर दिया है। जांच में गड़बड़ी और लापरवाही उजागर होने पर यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर तहसील के पटवारी बंधन राम द्वारा धान खरीदी के दौरान लापरवाही की गई। धान खरीदी में लापरवाही पर शिकायत के बाद कलेक्टर ने मामले की जांच कराई थी। इसी तरह तहसील रामानुजगंज के पटवारी विजय यादव द्वारा धान खरीदी के साथ ही एसआईआर के तहत चल रहे निर्वाचन कार्य में लापरवाही की गई। जांच ने पटवारी विजय यादव के गड़बड़ी की पुष्टि हुई। पटवारियों द्वारा की गई लापरवाही छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1) (2) (3) के विपरित है। ऐसे में कलेक्टर द्वारा पटवारी बंधन राम व विजय यादव को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में पटवारी विजय यादव का इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय शंकरगढ़ व पटवारी बंधन राम का मुख्यालय कुसमी नियत किया गया है।

### आग से झुलसी बालिका की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** खलिहान में आग ताप रही बालिका अचानक आग की चपेट में आ गई जिससे गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान बालिका की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कापू निवासी संलिता टोप्पो आ. दिलसाय (12 वर्ष) 12 दिसंबर की सुबह घर समीप बनाए गए खलिहान में बैठकर आग ताप रही थी। इसी दौरान आग कपड़ा में पकड़ लिया जिससे आग की चपेट में आ गई। घटना को देख परिजन किसी तरह आग को बुझा कर उसे तत्काल पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बालिका की मौत हो गई।

### नशे के कारोबारियों को दस-दस वर्ष का कारावास

**अंबिकापुर।** नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो आरोपियों को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव ने आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। न्यायलयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी 2021 को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने अल्टो कार क्रमांक सीजी 15 डीएफ 1537 को रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान कार की डिक्की में रखे बैग से 116 नग नशीला कफ सिरप बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने इमलीपारा निवासी 42 वर्षीय गुफरान सिद्दीकी उर्फ सोनू आ स्व. एहसान सिद्दीकी व सीतापुर मुलाजिमपारा निवासी 22 वर्षीय नसीम खान आ. मजीद खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस प्रकरण की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पीठासीन अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में हुई। इस दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार पांडेय ने पैरवी की। 24 दिसंबर को सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया जिसमें दोनों आरोपियों को दोषी माना है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव ने मामले में धारा 21 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी गुफरान सिद्दीकी उर्फ सोनू व नसीम खान को दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना की रकम जमा नहीं करने पर दोषियों को अतिरिक्त 6-6 माह सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## महागिरजाघर में की गई विशेष प्रार्थना सभा

# सरगुजा जिले में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का महापर्व, दिनभर चला जश्न





प्रार्थना करते बिशप व समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मसीही समाज द्वारा प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन क्रिसमस का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महागिरजाघर समेत सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित किए गए। नवापारा स्थित महागिरजाघर में बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। रात 12 बजते ही चर्च के घंटे बज उठे और लोगों ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई दी। इसके साथ ही गुरुवार को क्रिसमस पर एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला जारी रहा।

**खास बात**
- आतिशबाजी के साथ मनाया मनाई खुशियां

बता दें कि क्रिसमस के महापर्व को लेकर मसीही समाज द्वारा विगत एक माह से तैयारियां की जा रही थी। घरों में रंग रोगन के साथ ही साज सज्जा की गई थी। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा जमकर नए पकड़ों, केक व सजावटी सामानों की खरीददारी की गई। क्रिसमस पर्व को लेकर बुधवार की रात गिरजाघरों में पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। शहर के नवापारा स्थित महागिरजाघर में 24 दिसंबर की रात 8 बजे से ही समाज के लोग पहुंचने शुरू हो गए थे। इस दौरान रात 9 बजे महागिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा प्रारम्भ की गई जो रात 12 बजे तक जारी रही। जन्म पर्व के अवसर पर विशेष रूप से सजाए गए महागिरजा घर मे चरनी आशीष के साथ धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई। प्रार्थना सभा के दौरान सरगुजा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर ने समस्त धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए। इस क्रम में आगे सुसमाचार का वाचन भी किया गया। इस दौरान पारा टोला से आए समाज के समाज के लोगों ने पवित्र बाइबिल पाठ का वाचन किया गया। पहला पाठ का वाचन कुंती एक्का भगवानपुर व दूसरे पाठ का वाचन डेविड एक्का ने पवित्र पाठ का वाचन कर यीशु के संदेशों को दिया। रात्रि प्रार्थना सभा के दौरान फादर अनुरंजन व फादर जॉन जयसवाल की अगुवाई में युवक-युवतियों द्वारा अनुष्ठान के बीच-बीच में भक्तिमय गीतों से ऐसा समा बांधा की लोग भक्तिमय गीतों में रम गए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परम प्रसाद का वितरण व बालक यीशु का चुंबन किया गया। बड़े बुजुर्गों के लिए घर में बैठ कर लाइव प्रसारण केमाध्यम से धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने की निःशुल्क व्यवस्था जेरीन जोसेफ ने उपलब्ध कराई।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व महापौर डा.अजय तिर्की, फादर थेओडोर लकड़ा, फादर ज्ञान लकड़ा, फादर पीटर, फ्रांसिस केरकेट्टा, अलीशा अंशु बड़ा, रुबेन तिग्गा, डेविड एक्का, संतोष किस्पोट्टा, राजेन्द्र तिग्गा, हॉली क्रास, उर्सुलाइन, संतअन्ना, मिशनरीज आफ चैरिटी सिस्टर्स व बड़ी संख्या में गणमान्य व मसीही समाज के लोग मौजूद थे।

### बिशप ने दिया सन्देश

धार्मिक अनुष्ठान के दौरान समुदाय को संबोधित करते हुए अपने संदेश में बिशप डॉ अंतोनिस बड़ा ने कहा कि इस वर्ष का क्रिसमस जागरण एक साधारण जागरण नहीं है यह एक अद्भुत एवं अनोखा जागरण है। आज हम यीशु के 2025 वां वर्षगांठ मना रहे हैं, हम ईश्वर को धन्यवाद देते हैं कि उसने हम मानव को बचाने के लिए पाप के जाल से छुड़ाकर स्वर्ग ले जाने के लिए अपने इकलौते बेटे यीशु को कुंवारी माता के द्वारा इस संसार में भेजा। अतः ख्रीस्त जयंती सारी मानव जाति के लिए प्रेम शांति आनंद का पर्व है। आइये इस समारोह में सहभागी होने के लिए हमने आपको तैयार करें और सारे गुनाहों के लिए माफी मांगे और अपने मन को शुद्ध करें।

### पूर्व मंत्री ने अमरजीत ने मनाया क्रिसमस

प्रदेश के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने भी धूमधाम से क्रिसमस का पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने महागिरजा घर सहित सभी चर्चों में जाकर बिशप समेत समाज के लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।



इस दौरान कांग्रेस नेता परवेज आलम गांधी, पूर्व पार्षद दीपक मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।

# ट्रैक्टर और बाइक के बीच भिड़ंत, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

गुरुवार की शाम भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। डिंडो-सनवाल मार्ग ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां दो को मृत घोषित किया गया जबकि तीसरे युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मृतक अपने चेन्नई से काम करके लौटे अपने दोस्त को लेने आए थे। फिलहाल पुलिस ने शवों को मर्च्युरी में रखा है और शुक्रवार को पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द किया जाएगा।

- कचेन्नई से लौटे दोस्त को लेने आए थे युवक, एक की हालत नाजुक

बताया जा रहा है कि सनावल निवासी 32 वर्षीय शंकर लाल आ. रामअवतार चेन्नई में काम करता है। युवक गुरुवार को चेन्नई से वापस लौटा था जिसे लेने के लिए सुबह दस बजे उसका दोस्त सनावल बोदराटोला निवासी 30 वर्षीय राजदेव सिंह आ. रामविचार शांडिल्य व गयारीपारा निवासी 22 वर्षीय सुखलेश आ. धरम सिंह गोंड सुबह 10 बजे वाड्रफनगर आए हुए थे। दिनभर वाड्रफनगर में घूमने और अपने मिस्टर शंकर लाल को लेने के बाद तीनों दोपहर में वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान लगभग 3 से 4 बजे के बीच डिंडो-सनावल मार्ग पर हाई स्कूल के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बाइक के बीच भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहे राजदेव समेत सुखलेश व शंकरलाल गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर पड़े रहे जबकि घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना डिंडो पुलिस को दी जिसके बाद डिंडो चौकी प्रभारी नवल किशोर दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां राजदेव सिंह व सुखलेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि शंकरलाल को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है।

### मोबाइल पर फोटो देखकर पहुंचा पिता

बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक राजदेव सिंह का पिता रामविचार शांडिल्य गांव में मैच देखने गया हुआ था। इसी दौरान दोपहर 3 बजे लोगों ने मोबाइल फोन पर डिंडो रोड पर हुए सड़क घटना का वीडियो सामने आया। इस दौरान उक्त वीडियो को देखकर पिता को अपने बेटे के होने की शंका हुई। इस दौरान देर शाम मृतक राजदेव सिंह का पिता रामविचार सिविल हॉस्पिटल पहुंचा जहां उसने मृतक के रूप में अपने बेटे की पहचान की। चौकी प्रभारी वाड्रफनगर धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त हो गई है और मामले में शून्य पर मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार को पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द किया जाएगा।

## युवक पर धारदार हथियार से वार, गंभीर

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम लमगांव निवासी सूरज मंगलवार को दोस्त दीपक उरांव को बाइक से उसके घर छोड़ने गया था। जैसे ही सूरज दोस्त दीपक को उसके घर छोड़ का जाने लगा तभी दीपका का पिता पीयर साय घर से बाहर निकला और धान चोरी कर बेचने का आरोप लगाते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे गंभीर चोट लगने से सूरज मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल का उपचार जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 109(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# खेल मैदान से मिलता है जीत का आनंद और हार से सीखने का सबक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव का समापन किया गया। पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम भवन में आयोजित समापन समारोह को वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। पीएम श्री मोदी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से हजारों खिलाड़ी मिल गए। खेल भावना से सक्षम और अनुशासित युवा ही राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

- सांसद खेल महोत्सव का समापन, पीएम मोदी ने वर्चुअल रूप से किया संबोधित, मंत्री, सांसद हुए शामिल



सांसद खेल महोत्सव से समाज की सोच बदल रही है, इससे लोग प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक अर्थों में खेल जीवन के आधार प्रणाली है। जीत का आनंद लेना और हार से सीखना, हम खेल के मैदान में सीखते हैं। समापन समारोह में उपस्थित पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत में आयोजित है जिसका समापन आज हो रहा है। हम युवा शक्ति को खेलों की ओर प्रेरित कर रहे हैं और योग्यता को महत्व मिल रहा है। सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेल के महत्व को समझा और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा पारंपरिक एवं परंपरागत खेलों को संरक्षित करने के उद्देश्य से खेल महोत्सव की शुरुआत की। खेलों का आयोजन हमारे सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में तीनों जिलों में हुआ, जिसमें पहला ब्लॉक स्तर फिर विधानसभा स्तर फिर लोकसभा स्तर में आज का आयोजन हो रहा है। इन प्रतियोगिता के द्वारा युवाओं की प्रतिभा को सामने लाया जा रहा है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कार्यक्रम में खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव से युवाओं में खेल भावना का विकास होगा और युवा खेल के प्रति प्रोत्साहित होकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लेंगे। कलेक्टर अजीत वसंत ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी, पार्षद आलोक दुबे, विकास सिंह, कर्ताराम गुप्ता, अपर कलेक्टर सुनील नायक, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

इस दौरान अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें रस्सा कसी बालिका में बलरामपुर, रस्सा कस्सी सीनियर बालक में शंकरगढ़, रस्सा कस्सी जूनियर बालक में लखनपुर, पिट्ठुल बालक में लुण्ड्रा, पिट्ठुल बालिका में लुण्ड्रा, व्हालीबाल बालिका में सीतापुर एवं बालक में अम्बिकापुर, फुटबॉल बालक में राजपुर एवं बालिका में अम्बिकापुर, कबड्डी बालक में मैयाथान एवं बालिका में लुण्ड्रा, रस्सी कूद बालक में बतौली के याकूब किंडो एवं रस्सी कूद बालिका में सीतापुर की प्रीति पैंकरा विजेता रहे। गोला फेंक (महिला) में शंकरगढ़ (बलरामपुर) के अल्फा तिग्गा एवं गोला फेक (पुरूष) में शंकरगढ़ (बलरामपुर) के नागेश्वर प्रसाद, 100 मीटर जूनियर बालिका में लखनपुर के पदमा सिंह एवं 100 मीटर सीनीयर बालिका में लुण्ड्रा के सुषमा पैकरा, 100 मीटर दौड़ जूनियर बालक में उदयपुर के हिमेश कुमार सिंह, 100 मीटर दौड़ सीनीयर बालक में लुण्ड्रा के बल्लू पैकरा, 200 मीटर दौड़ जूनियर बालिका में बतौली के साक्षी तिर्की, 200 मीटर दौड़ सीनियर बालिका में वाड्रफनगर के आशा, 200 मीटर दौड़ जूनियर बालक में वाड्रफनगर के सुनिल सिंह मरकाम, 200 मीटर दौड़ सीनियर बालक में बलरामपुर के राजेश हड्डे एवं गेड़ी दौड़ बालिका में शंकरगढ़ (बलरामपुर) के जसिन्ता विजेता रहे।

## विश्व शांति का संदेश लेकर कोरिया पहुंची लिम्का वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम

**बैकुण्ठपुर ।** लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विश्वशांति विश्वपदयात्रा टीम के चार प्रमुख सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप एवं डैन्जर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स के सदस्य व पर्वतारोही गोविन्दा नंद छग के जिला कोरिया पहुंच कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी से किए सौजन्य मुलाकात। यह टीम भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रही है। 33 जनपदों की विश्वशांति विश्वपदयात्रा व रथयात्रा के माध्यम से यह अभियान छग प्रदेश के सभी जिलों में जनमानस को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। टीम द्वारा अब तक विश्व के 11 देशों में 4 लाख 52 हजार किमी की ऐतिहासिक विश्वशांति विश्वपदयात्रा पूर्ण की जा चुकी है। वर्ष 2018 में इसी पदयात्रा के दौरान दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक सफल यात्रा कर टीम ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। इस यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण को केन्द्र में रखते हुए 14 करोड़ 50 लाख पौधों का रोपण कराया गया है तथा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर जनजागरूकता अभियान और स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। टीम ने देश के लगभग 600 जनपदों में विश्वशांति पदयात्रा करते हुए उत्तराखंड के 13 जनपद, उत्तरप्रदेश के 75 जनपद, मध्यप्रदेश, राजस्थान के सभी 33 जनपद, गुजरात के 33 जनपद, केन्द्र शासित प्रदेश दमन-दीव व गोवा तथा महाराष्ट के 36 जनपदों की यात्रा पूर्ण की है।

## एनएच पर अवैध रेत परिवहन करते मिनी ट्रक को कलेक्टर ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच-43 पर गुरुवार को अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्वयं कार्रवाई करते हुए एक मिनी ट्रक को पकड़कर माइनिंग विभाग एवं पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं,प्राप्त जानकारी के अनुसार,जयनगर निवासी सुनील गुप्ता की मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईएच 1768 दोपहर के समय जयनगर के कांसापारा रेत घाट से अवैध रूप से रेत लोड कर अंबिकापुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सूरजपुर कलेक्टर अंबिकापुर जा रहे थे। एनएच-43 पर उक्त मिनी ट्रक का चालक कलेक्टर के वाहन को बार-बार ओवरटेक कर रहा था, जिससे कलेक्टर की नजर वाहन पर पड़ी। संदेह होने पर कलेक्टर जयवर्धन ने रेत लोड वाहन का पीछा कर अजबनगर के पास उसे रुकवाया और तत्काल माइनिंग टीम एवं जयनगर पुलिस को मौके पर बुलाकर वाहन के कागजात जांच करने के निर्देश दिए। जांच में माइनिंग अमले ने पाया कि वाहन में लगभग पांच घन मीटर रेत बिना किसी वैध अनुमति एवं दस्तावेज के परिवहन की जा रही थी। वहीं पुलिस एवं यातायात विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि वाहन चालक अमन तिर्की (निवासी पार्वतीपुर) के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसके बाद मिनी ट्रक को जप्त कर जयनगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



- कलेक्टर के वाहन को ओवहर टेक कर रहा था ट्रक चालक

## खबर संक्षेप

### ग्राम रनई में हिंदू सम्मेलन आज

**बैकुण्ठपुर।** गिरजापुर मंडल के अंतर्गत ग्राम रनई स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी श्री हनुमान सेवा समिति रनई द्वारा निभाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष विकास शुक्ला ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। सम्मेलन का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ के साथ होगा। इसके पश्चात पंडित सुयश देव जी महाराज एवं पंडित विक्रम शास्त्री जी महाराज धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता पर अपने उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में समाज सेविका सुनीता कुर्रे, राज्यपाल सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक राजलाल राजवाड़े तथा मातृ शक्ति समुंद्री राजवाड़े भी सामाजिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करेंगी। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता एवं भाईचारे के उद्देश्य से विशाल भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा, इसमें क्षेत्रवासी सामूहिक रूप से सहभागिता करेंगे।

### भाजपा ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम की घोषणा की

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला एमसीबी द्वारा वीर बाल दिवस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला टोली की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले द्वारा जारी आदेश के माध्यम से की गई। जारी सूची के अनुसार राजकुमार बधावन को वीर बाल दिवस कार्यक्रम का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए रामलाल साहू, पवन शुक्ला एवं हीरालाल यादव को जिला टोली सदस्य बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने सभी नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए वीर बाल दिवस कार्यक्रम को गरिमामय, अनुशासित एवं सफल बनाएंगे।

### कलेक्टर की सख्त प्रशासनिक समीक्षा

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जिले के समस्त विभागों की व्यापक और गहन समीक्षा बैठक ली। बैठक का उद्देश्य जिले में चल रही शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों, लंबित प्रकरणों और जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित करना रहा। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की प्राथमिकता सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने डाक सेटअप से संबंधित नियमित विभागीय बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए।

### विकसित भारत जी-राम-जी से होगा ग्रामीण विकास

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में ग्रामीण विकास को और समेकित रूप से अग्रसर करने के उद्देश्य से विकसित भारत जी राम जी योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस संबंध में पूरे जिले में व्यापक जनजागरूकता के लिए ग्राम सभाओं में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित हुईं ग्राम सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को और पंजीकृत श्रमिक परिवारों तथा ग्रामीणजन को मनरेगा के बदलते स्वरूप से अवगत कराया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन ने ग्राम सभाओं में पेसा अधिनियम के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से अवगत कराने के निर्देश दिए थे साथ ही महात्मा गांधी नरेगा जो अब जी राम जी के नाम से प्रवर्तित हो रही है, उसके प्रमुख बिंदुओं और योजना के समेकित रूपरेखा के बारे में सभी ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए थे। विदित हो कि राज्य कार्यालय द्वारा जीरामजी यानी विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 की प्रमुख बिंदुओं का प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिलेभर में आयोजित हुईं ग्राम सभा में शामिल हुए समस्त ग्रामीणों को विकसित भारत जी राम जी योजना को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उनके शंकाओं का समाधान किया गया।

## जिलेभर में हुए विविध कार्यक्रम, कई जगहों पर चला सफाई अभियान

# अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व सुशासन और विकास का प्रतीक



अटल परिसर में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर बनाए गए अटल चौक में ग्रामीणों द्वारा अटल जी की तस्वीर में गुरूवार को पुष्पांजलि दी गई। साथ ही काफी संख्या में 25 दिसंबर को शा स की य - अ शा स की य परिसरों को साफ-सफाई किया गया व कचरा साफ किया गया। विदित हो कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 25 दिसंबर को जन्मदिन था, अटल परिसर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सुशासन के अवसर पर सभी उपस्थितजन ने शपथ लिया। इस अवसर पर एसडीएम बैकुंठपुर उमेश पटेल, नगर पालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिल के गणमान्य नागरिक सहित काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## शिवपुर चरचा में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण

**चरचा कॉलरी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101 वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित मुख्य मार्ग में नवनिर्मित अटल परिसर का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे, जिन्होंने गुरूवार को पूर्वान्ह 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के 115 अटल परिसरों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत तथा विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव (लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री) ने की।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, अपर कलेक्टर डीडी मांडवी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना विजय राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपा विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा,उप अभियंता आलोक चक्रधारी, पार्षदगण धर्मपाल, संतोषी एक्का, रामकली पाल, संजय देवांगन, कुंडल सायं, सफाई निरीक्षक हरिश जायसवाल सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नपा कर्मचारीगण, सैकड़ों नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पूर्व छत्तीसगढ़ी सुगा नृत्य के माध्यम से अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया तथा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और अटल परिसर को नगर के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया। वहीं वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती रामकली पाल ने अटल जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अपने निधि से सभी स्वच्छता दीदी व सफाई कर्मियों को कंबल वितरित किए। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन



और समर्पण का प्रतीक रहा है। उनके नाम से निर्मित यह परिसर नगर के विकास, सामाजिक गतिविधियों और जनसरोकारों का प्रमुख केन्द्र बनेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को अटल जी के विचारों से प्रेरित करेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि अटल जी के विचार आज भी देश को दिशा दे रहे हैं। अटल परिसर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध होगा। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व सुशासन और विकास का प्रतीक रहा है। अटल परिसर नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष निधि से कुमार गार्डन का सौंदर्यीकरण, शव वाहन, मर्चरी फ्रीजर, सामाजिक भवनों एवं शेड निर्माण जैसे अनेक जनोपयोगी कार्य संपन्न किए गए हैं। नपाध्यक्ष ने बताया कि आगामी समय में 2 करोड़ रूपए की लागत से विवाह घर, करोड़ों रूपए की लागत से ओवरहेड टैंक एवं पाइपलाइन विस्तार, 3 करोड़ रूपए की लागत से मंदिर, सामुदायिक भवन, टावर चौक सौंदर्यीकरण तथा 6 लाख रूपए की लागत से हनुमान मंदिर निर्माण जैसे कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

## चिरमिरी में अटल परिसर का लोकार्पण




**डोमनहिल/वेस्ट चिरमिरी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण गरिमामय वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे वार्ड क्रमांक 01 मालवीय नगर, नगर पालिक निगम कार्यालय के सामने आयोजित हुआ। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर रामनरेश राय ने विधिवत फीता काटकर अटल परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभापति संतोष कुमार सिंह, एमआईसी सदस्य बबलू डे, रामौतार, भाजपा के पार्षदगण, भाजपा कार्यकर्ता, आयुक्त राम प्रसाद आंचला, स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी, श्याम देश पांडे, निगम के अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

नगर पालिक निगम चिरमिरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, मालवीय नगर नगर पालिक निगम कार्यालय के सामने स्थित अटल परिसर का लोकार्पण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल रूप से जुड़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। चिरमिरी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में नगर पालिक निगम चिरमिरी के प्रथम व्यक्ति महापौर रामनरेश राय, आयुक्त राम प्रसाद आंचला, एमआईसी सदस्य बबलू डे, नरेन्द्र साहू, रामौतार, भाजपा के पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके पश्चात वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, संवाद और सुशासन के प्रतीक थे। महापौर रामनरेश राय ने कहा कि अटल जी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटल परिसर केवल एक भवन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केन्द्र बनेगा, जहां से राष्टÑ निर्माण की सोच को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री रीत जैन, चोलू सेठिया, मनराज मौर्य, पार्षद नीलम सलूजा, संजीत सिंह, सिर सिंह, आयुषी सिंह, संगीता सेन सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बरबसपुर में विविध कार्यक्रम

**बरबसपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का 101 वां जन्म दिवस ग्राम पंचायत उजियारपुर के बूथ क्रमांक 214 में समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर मनाया। स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उजियारपुर की सरपंच श्रीमती सोनी बाई, ग्राम पंचायत सचिव धनेश्वर राय, नागपुर मंडल कोषाध्यक्ष अखिलेश रवि, इकाई अध्यक्ष सोमार साय, संतोष बाबरिया सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### गांव से शहर के बीच की दूरी हुई कम

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती के अवसर पर ऐतिहासिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकाय वर्चुअली जुड़े रहे। मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच ने भारत को विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का सपना था कि गांव और शहर के बीच की दूरी समाप्त हो जो आज साकार होता दिख रहा है। पीएम ग्राम सड़क योजना, छग राज्य का गठन और मजबूत राष्ट्र निर्माण अटल जी की ऐतिहासिक देन है।

## जिला अस्पताल के प्रसाधन कक्ष में लगा ताला



**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल परिसर में बनाया गए प्रसाधन कक्ष में ताला लगा हुआ हैं और पास में ही अधूरा प्रसाधन बनाया गया है, जहां गंदगी के कारण कोई उसका उपयोग नहीं करता।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल बैकुंठपुर के पुराने भवन के पीछे सुरक्षित एवं सुविधायुक्त प्रसाधन कक्ष बनाया गया है, इस पर लंबे समय से ताला बंद कर दिया गया है, ऐसे में बनाए गए प्रसाधन कक्ष का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसी प्रसाधन कक्ष के पास में दो नग प्रसाधन कक्ष का निर्माण कराया गया है, लेकिन वह अधूरा निर्माण हुआ है, जिसमें खुला होने के कारण लोगों के द्वारा उपयोग किया जाता था, लेकिन उसमें भी गंदगी भरे होने के कारण अब उसका भी उपयोग कोई नहीं करता। ऐसे में जिला अस्पताल में आने वाले लोगों को परिसर के भीतर बने प्रसाधन कक्ष का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि जिला अस्पताल बैकुंठपुर में प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं, जिन्हें प्रसाधन के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, खासकर महिलाओं को प्रसाधन कक्ष में ताला बंद रहने के कारण खुले में मजबूरन जाना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि भर्ती मरीजों एवं उनसे मिलने आने वालों को तो वार्ड में प्रसाधन की सुविधा मिल जाती है, लेकिन जो लोग ओपीडी में आते हैं, उनके लिए अस्पताल परिसर में प्रसाधन की सुविधा नहीं मिलने से परेशान होना पड़ता है। अस्पताल प्रबंधन को चाहिए कि परिसर में बनाए गए प्रसाधन कक्ष का ताला खुला रखे, ताकि लोगों को प्रसाधन के लिए परेशान होना न पडे।

## जन्मे प्रभु यीशू, बंटी खुशियां, धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस






**बैकुंठपुर।** प्रभु यीशु की जन्म की खुशियां लेकर आया क्रिसमस पर्व को समाज के लोगों के द्वारा उल्लास तथा धूमधाम के साथ मनाया गया। मसीही समाज के लिए क्रिसमस का पर्व खुशियां लेकर आता है और इस पर्व को प्रतिवर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसंबर की रात्रि में शहर के रामपुर स्थित गिरजाघर के अलावा अन्य जगहों के गिरजाघरों में समाज के लोग काफी संख्या में पहुंचे, जहां गिरजाघर की जगमग रोशनी के बीच कैंडल जलाए हुए थे, इसके अलावा मध्य रात्रि में प्रभु यीशु के जन्म की घड़ी जैसे ही पहुंची गिरजाघर की घंटी बजने लगी और उपस्थित लोगों के द्वारा केरोल्स सिंगिंग करते रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों का उल्लास देखते ही बनता।

प्रभु यीशु के जन्म के साथ ही समाज के लोगों के बीच संगीत की धुन में नृत्य करना शुरू कर दिए। वहीं 24 दिसंबर की मध्य रात्रि में गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामपुर स्थित गिरजाघर के अलावा जिले के अन्य जगहों पर स्थित गिरजाघरों में प्रार्थना के साथ गीत नृत्य का दौर शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि क्रिसमस पर्व जिसे बड़ा दिन के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व को लेकर समाज के लोगों में कई दिनों पूर्व से उत्साह भर जाता है और गडेरिया दल के द्वारा शाम ढलने के साथ ही समाज के लोगों के यहां घर-घर पहुंच कर केरोल्स सिंगिंग कर क्रिसमस के आने का संदेश देते। वहीं इसके पूर्व 23 दिसंबर को समाज के लोगों के द्वारा भव्य रूप से क्रिसमस शोभायात्रा निकाली थी। 25 दिसंबर को विशेष प्रार्थना सभा-क्रिसमस के दिन समाज के लोगों के द्वारा विभिन्न गिरजाघरों में सुबह एकजुट हुए, जहां विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

### क्रिसमस पर विविध आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** संभाग के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में क्रिसमस के पावन अवसर पर जॉय ऑफ गिविंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। छात्रों, शिक्षकों और विद्यालय प्राचार्य के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में दान-पुण्य की भावना को बढ़ावा दिया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा खिलौने, किताबें, कपड़े और खाद्य सामग्री का संग्रह कर मनेन्द्रगढ़ स्थित वार्ड क्रमांक- 17, संजय वॉर्ड में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं अटल निवास स्थित जरूरतमंद परिवारों को वितरित किया गया। इस विशेष अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जॉय ऑफ गिविंग यह केवल एक गतिविधि नहीं, अपितु हृदय की उदारता का दिव्य संकल्प है। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने इस विशेष आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत विशेष है, क्योंकि आज हम सभी यहां जॉय ऑफ गिविंग अर्थात देने के आनंद को अनुभव करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक महान सीख है।

### हादसों का खतरा बढ़ा, दुकानदारों व नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की

## मुख्य मार्ग पर अवैध पार्किंग, बनी जानलेवा समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी




नगर पालिका शिवपुर-चरचा के अंतर्गत राजीव गांधी चौक से महाराणा प्रताप चौक तक का मुख्य मार्ग इन दिनों अवैध पार्किंग की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। सड़क से सटी दुकानों के कारण ग्राहक अपने छोटे-बड़े वाहन बेधड़क मुख्य मार्ग पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई है।

इस लापरवाही के चलते आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो जाती है। इसके चलते दुपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों, स्कूली बच्चों एवं पैदल राहगीरों को काफी जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है। कई बार तेज रफ्तार वाहन अचानक सामने आ जाने से हादसों की स्थिति निर्मित हो जाती है। दुकानदारों एवं क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में दुकानों के सामने अतिक्रमण एवं पार्किंग को लेकर निर्देश जारी किए गए थे, तथा एक निर्धारित सीमा तक ही सामान बाहर रखने के आदेश दिए गए थे। प्रारंभिक दिनों में इसका कुछ असर जरूर दिखाई दिया, लेकिन समय बीतने के साथ स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई। वर्तमान में अनेक दुकानों के सामने सड़क तक वाहन और सामान फैलाया जा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों ने थाना प्रभारी चरचा तथा नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा को संयुक्त रूप से लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि अव्यवस्थित पार्किंग के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य मार्ग पर नो-पार्किंग जोन घोषित कर सख्ती से पालन कराया जाए, अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों एवं वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया जाए तथा नियमित रूप से निगरानी अभियान चलाया जाए, ताकि यातायात सुचारू रह सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि राजीव गांधी चौक से महाराणा प्रताप चौक तक मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित रूप से वाहनों के खड़े होने की समस्या को नगर पालिका द्वारा गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पूरे मार्ग को नो-पार्किंग जोन के रूप में चिन्हित कर आवश्यक सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके और आम नागरिकों को राहत मिल सके। श्री ओझा ने बताया कि सड़कों से सटकर दुकान लगाना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है, इससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। नगर पालिका द्वारा ऐसे दुकानदारों को पूर्व में समझाइश दी जा चुकी है। आगामी दिनों में विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा तथा निर्धारित सीमा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि मुख्य मार्गों पर यातायात सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बिजुरी।** सीमावर्ती क्षेत्र की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बिजुरी कालरी में शाखा प्रबंधक प्रफुल्ल कुमार डुंगडुंग ने अपने कार्यालयीन कर्मचारी व ग्राहकों की उपस्थिति में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का 115 वां स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर काफी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम शाखा प्रबंधक डुंगडुंग, डॉ.डीके कोरी, लक्ष्मी चरण नायक, मनीष सिंह परिहार, सुश्री शैली राउत, रमेश प्र. ढीमर, वेंकटराव, अरविंद सिंह ने सामूहिक रूप से सेंट्रल बैंक के संस्थापक सोराब पोचखना वाला के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री डुंगडुंग ने बैंक के क्रियाकलाप व इसकी उपलब्धि पर प्रकाश डाला। बैंक के समस्त कर्मचारी, बैंक के ग्राहक व अन्य उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. डीके कोरी द्वारा कराया गया एवं खून जांच भी कराया गया। जिन लोगों को रक्तचाप, डायबीटीज आदि रोगों की जांचोपरांत उचित मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान इनकी उपस्थिति रही प्रफुल्ल कुमार डुंगडुंग सायली रवी मनीष सिंह परिहार विशाल टोप्पो की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है। अंत में बैंक के कर्मचारी मनीष सिंह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल में सरगुजा सेक्टर ने हासिल की जीत

**अंबिकापुर।** राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने दुर्ग सेक्टर की टीम को फाइनल में मात देते हुए विजेता के खिताब पर अपना कब्जा जमाया है बता दें कि छग शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा सेक्टर की टीम ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान सेमीफाइनल मुकाबले में सरगुजा सेक्टर ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी रायपुर सेक्टर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल मुकाबले में दुर्ग सेक्टर को बड़े अंतर से शिकस्त देकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस टीम में सरगुजा बास्केटबॉल संघ से प्रज्ञा मिश्रा, प्रिया जायसवाल, रिविका लकड़ा, रिमझिम मिश्रा, रागिनी, सुष्मिता, साक्षी तिर्की, प्रीति मिंज, संशिता ने बेहतर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा सेक्टर की चयनित महिला खिलाड़ी अंबिकापुर स्थित गांधी स्टेडियम में प्रतिदिन नियमित अभ्यास करती हैं। लंबे समय के बाद उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सरगुजा सेक्टर की महिला टीम का फाइनल तक पहुंचना और अंततः विजेता बनना पूरे सरगुजा संभाग के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का विषय है। यह उपलब्धि विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे अंतराल के बाद सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ की महिला खिलाड़ियों ने उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिताब जीतकर नया इतिहास रचा है। यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास तथा संघ के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।

### जनपद सदस्य ने दिखाई मानवता दिव्यांग महिला को दिलाई ट्राइसाइकिल



**प्रतापपुर।** जनपद सदस्य डी राम द्वारा एक बार फिर मानवीय संवेदना और जनसेवा की मिसाल पेश की गई है। ग्राम बगड़ा निवासी हितग्राही रूदनी बाई जो नेत्र से पूर्णतः विकलांग हैं, उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए जनपद सदस्य ने जिला पंचायत से ट्राइसाइकिल मंगवाकर उन्हें उपलब्ध कराई। रूदनी बाई अपने पति संत राम पण्डो के साथ अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही थीं। पति संत राम उन्हें ट्राइसाइकिल पर बैठाकर गांव-गांव जाकर भीख मांगने को मजबूर थे। जानकारी लगने पर जनपद सदस्य डी राम तत्काल पहल करते हुए संबंधित विभाग से ट्राइसाइकिल दिलाने की व्यवस्था की। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद दंपति के चेहरे पर राहत और संतोष साफ झलक रहा था। इस अवसर पर जनपद सदस्य डी राम ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही जनप्रतिनिधि का वास्तविक धर्म है।

### फेडरेशन के पदाधिकारियों ने आंदोलन को लेकर किया कर्मचारियों से संपर्क



**अम्बिकापुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में संचालित कार्यालयों का भ्रमण कर अधिकारी-कर्मचारियों को हड़ताल के संबंध में अवगत कराया एवं निर्धारित आवेदन भरवाकर सभी से हड़ताल में शामिल होने, अपनी मांगों के प्रति एकजुट होने एवं तीन दिवसीय हड़ताल के बाद भविष्य में अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। पदाधिकारियों ने बताया कि जनसंपर्क अभियान चलाकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया जा रहा है। इस दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर ऑफिस, कोषालय, जिला पंचायत, समाज कल्याण, उप पंजीयक, खेल एवं युवा कल्याण, महिला बाल विकास, एसडीएम कार्यालय, आरइएस, कृषि आदि कार्यालयों में भ्रमण किया। शुक्रवार को पदाधिकारी पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित अन्य कार्यालयों का भ्रमण कर हड़ताल के संबंध में जानकारी देंगे। इस दौरान फेडरेशन के कौशलेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनी, डॉ.सीके मिश्रा, नवीन केशरी, दुर्गेश सिन्हा, संजय यादव, विजेन्द्र यादव आदि सक्रिय थे।

### वनकर्मियों पर पथराव करने वाला फरार तीसरा आरोपी धराया

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र राजपुर में बाघ गणना के लिए ट्रांजिट लाइन तैयार करने के दौरान 30 नवम्बर को वनकर्मियों से गाली गलौज करने के साथ ही शासकीय वाहन पर पथराव व तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित वन रक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस बीएनएस की धारा 296, 351, 115, 121, 132, 221, 324 एवं 3 का प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही थी। मामले में पुलिस दामोदर नगर शंकरगढ़ निवासी, सूर्यप्रताप सिंह पिता आंदन कुमार एवं संतोष कुजूर पिता अगनूराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि मामले का तीसरा आरोपी मिथिलेश कुजूर पिता अगनू घटना के बाद फरार था। कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने उसके लोकेशन का पता लगाया गांधीनगर थाना क्षेत्र से घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

## आए दिन हो रही घटनाएं, नहीं हो रहा पानी का छिड़काव

# एनएच 343 निर्माण की धीमी गति ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, सड़कों पर धूल का गुबार



धूलधुसरित एनएच 343 की सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य की धीमी गति ने लोगों में नाराजगी है। सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन से उड़ती धूल के गुबार ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है इसके साथ ही जर्जर सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना का कारण बन रहे है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण अब लोगों में खासा आक्रोश है।

**खास बात**

- रजपुरीखुर्द से पाढ़ी के बीच स्थिति बेहद खराब

बता दें कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 पर सड़क निर्माण का कार्य लम्बे इन्तजार के बाद शुरू किया गया है। एनएच पर रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क 199.05 करोड़ व संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण 149.94 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाना है। मुख्य सड़क पर पहले खंड में रजपुरी खुर्द से पाढ़ी तक सड़क निर्माण की बात की जाए तो राजपुर नगर क्षेत्र में नाली निर्माण तथा ग्राम परसा क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य करने में ही लगभग डेढ़ माह समय बीत गए हैं। शेष हिस्सों में न तो समुचित खुदाई की गई है और न ही सड़क निर्माण की गति तेज की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्य को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा न तो नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है और न ही किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। परिणामस्वरूप पूरा राजपुर नगर क्षेत्र धूल की चादर में ढका नजर आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। इसके साथ ही जर्जर सड़क पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। हाल ही में तहसील कार्यालय के समीप परसागुड़ी के युवक की गड्ढों के कारण ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

### किया गया है निर्देशित

उच्च अधिकारियों द्वारा कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है और ठेकेदार को तीव्र गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।

-**निखिल लकड़ा**, एसडीओ एनएच

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि



**भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बलरामपुर प्रवीण अग्रवाल** ने कहा कि ठेकेदार से बात हुई है और बोला गया है कि हर 6 किलोमीटर में कार्य लगाकर तेजी से किया जाएगा और समय सीमा से पूर्ण कर लिया जाएगा।



**जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल** ने कहा कि एनएच 343 के अधिकारियो से बात हुई है उनके द्वारा कहा गया कि कुछ तकनीकी दिक्कते थे जिसका समाधान हो गया है। काम की गति तेज करने हेतु निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने की बात कही है।



**डॉ. प्रीतम राम पूर्व विधायक लुंड्रा** ने कहा कि सड़क लंबे समय से खराब है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। जनजीवन को बहुत ज्यादा खतरा है और हर कोई आक्रोशित है। शासन तीव्र गति से बेहतर सड़क का निर्माण कराए जिससे लोगो को राहत मिल सके। उड़ती धूल से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, लोग परेशान होकर के अस्पतालों के चक्कर काटते रहते हैं। लोगों को धूल से एलर्जी हो रही है। सड़क से उड़ती धूल लोगों के घरों में जा रही है। राजपुर में नाली निर्माण में काफी लोगों की प्रतिक्रिया आ रही है। इस तरह से सब लोग भी परेशान हो रहे हैं इसको भी सड़क की ऊंचाई है उसको कुछ कम करना चाहिए और तकनीकी रूप में जो भी बेहतर से बेहतर काम करना चाहिए।



**भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल** ने कहा कि ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। यदि टेंडर मिला है तो ठेकेदार लोगों की परेशानी को देखते हुए तत्काल तेज गति से कार्य प्रारंभ करें। जिससे सरकार की मंशा हैं कि खराब सड़क से लोगों को निजाद मिल सके। टेंडर होने के बाद इतना विलंब उचित नही।



**अधिवक्ता सुनील सिंह** ने कहा कि एनएच 343 के निर्माण में किया जा रहा विलम्ब प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है जिस कारण वर्तमान में दिन-ब-दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। लोग व्यवस्था के कारण हलकान हो रहे हैं, आने वाले समय में जहां दुर्घटनाएं बढ़ेंगी वहीं लोगों के परेशानियों की सुध लेने वाला कोई नहीं होगा। आने वाले गर्मियों के बाद यदि बारिश के मौसम तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया तो लोग बहुत ही परेशानियों से जूझेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासनिक तंत्र की होगी।

### न ही चेतावनी न संकेतक बोर्ड

जर्जर एनएच पर रात के समय गड्ढे नजर नहीं आने से खतरा और भी बढ़ जाता है इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सड़क को सुरक्षित बनाने के लिए अस्थायी उपाय किए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी निर्माण कार्य की धीमी गति पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। गर्मी के मौसम में धूल से जहां जनजीवन बेहाल रहेगा, वहीं बरसात के दिनों में यही गड्ढे जलभराव के कारण बड़े हादसों को न्योता देंगे। क्षेत्रवासियों ने एनएच-343 के अधिकारियों से मांग की है कि ठेकेदार को निर्देशित कर युद्धस्तर पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। साथ ही सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव, गड्ढों को अस्थायी रूप से भरना, चेतावनी बोर्ड और संकेतक लगाना अनिवार्य किया जाए ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



## प्राथमिक शाला भवन पर गिरा सूखा पेड़ छुट्टी होने के कारण टली बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

ग्राम पंचायत कछवारी स्थित प्राथमिक शाला भवन पर बुधवार को आग से झुलसा एक सूखा पेड़ गिर गया। पेड़ के गिरने से शौचालय की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि स्कूल की छुट्टी होने के कारण इस दौरान कोई भी उपस्थित नहीं था अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

प्राथमिक शाला भवन के पास ही एक सूखा पेड़ था। सूखे पेड़ की जड़ के पास किसी ने आग जलाई होगी जिसके कारण पेड़ के नीचे का तना जलकर खोखला हो गया था। इस बीच सूखे पेड़ की झुलसी एवं खोखली तना पर किसी का ध्यान नहीं गया। बुधवार को दोपहर ढाई बजे सूखा पेड़ स्कूल भवन के शौचालय पर गिर पड़ा। पेड़ के गिरते ही शौचालय की छत भरभराकर गिर गई साथ ही दीवारों में दरारें आ गई। दुर्घटना में शौचालय की छत के निकट रखी प्लास्टिक टंकी भी टूट गई साथ ही पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ गिरने से स्कूल भवन को काफी क्षति पहुंची है। गनीमत रही कि इस दौरान शीतकालीन अवकाश होने के कारण स्कूल में न तो विद्यार्थी थे न ही शिक्षक अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। सूखे पेड़ के तने के पास किसने और कब आग जलाई थी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामीण शरारती तत्वों द्वारा आग लगाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शौचालय की जर्जर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल शौचालय भवन की मरम्मत कराने एवं विद्यालय परिसर के पेड़ों की डाल की छंटाई कराने की मांग की है।

इस संबंध में प्रधान पाठक संजय जायसवाल ने बताया कि घटना की सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है तथा मलबे को हटाया जा रहा है।

### विद्युत पोल से टकराई कार, बाल बाल बचे सवार

**अम्बिकापुर।** नेहरू वार्ड रामेश्वर मंदिर के समीप एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिमेंट का विद्युत पोल टूट गया जबकि कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत था कि कार सवार युवक बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात सफेद रंग की कार काफी तेज गति से रामेश्वर मंदिर की ओर से तालाब की ओर जा रही थी। चालक कार लेकर जैसे ही रामेश्वर मंदिर से कुछ दूर आगे बढ़ा तभी अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे स्थित 11 हजार केवी विद्युत पोल से टकरा गई। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सीमेंट का पोल टूट गया जिससे कार खंभा व नाली में फंस गया। आज सुबह ट्रैक्टर की मदद से कार को बाहर निकाला गया। इधर घटना की सूचना पर विद्युत विभाग द्वारा नए विद्युत पोल लगाकर विद्युत सप्लाई बहाल की।



## युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन

**राजपुर।** प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर गुरुवार को युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व में पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। यह प्रदर्शन भिलाई विधायक देवेंद्र यादव द्वारा भिलाई एवं छत्तीसगढ़ के संसाधनों को बचाने के लिए चल रहे सत्याग्रह के समर्थन तथा केंद्र सरकार के विरोध में किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बृजेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार निजीकरण की नीति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। भिलाई के स्कूलों एवं मैत्री बाग को निजी हाथों में सौंपने के निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए और निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि वे इस संघर्ष में युवा कांग्रेस के साथ खड़े होकर अपने अधिकारों की रक्षा करें। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी झूमाझटकी भी हुई। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नीरज तिवारी, विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रुपेश यादव, जनपद सदस्य अमीन शाय, पिंटू यादव, आलोक, अंकित मिंज, राहुल भारती, हेमंत यादव, देवा, जैद हसन, अभिजीत भारती सहित अन्य मौजूद थे।



## किसान सम्मान दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर।** किसानों के मसीहा कहे जाने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मान दिवस समेत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों ने वर्चुअल माध्यम से किसानों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन सुना।

वर्चुअल संबोधन के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा के रूप में जाने जाते थे और अपने कार्यकाल में उन्होंने किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई थी। केंद्रीय कृषि मंत्री के वर्चुअल संबोधन के पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कहा कि किसान देश का अन्नदाता है जो अपना खून पसीना बहाकर देश को खाद्य सुरक्षा प्रदान करता है। आज का युवा किसान अगर नवाचार एवं आधुनिक तकनीक अपनाकर कृषि कार्य से जुड़ता है तो अपने साथ साथ देश को भी आत्मनिर्भर बनाता है। विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदीप लकड़ा ने प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉ. सुरजचंद्र पंकज, संतोष साहू, समेत क्षेत्र से आये किसान मौजूद थे।




### अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने ग्रामीण के पास से कुल 16.44 लीटर विदेशी शराब जब्त किया। क्रिसमस और न्यू ईयर पर अवैध शराब की तस्करी पर रोकथाम हेतु उड़नदस्ता टीम लगातार गश्त कर रही है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम 25 दिसंबर को बलरामपुर जिले के डिंडो क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि चौकी डिंडो थाना त्रिकुंडा अंतर्गत वराह नगर निवासी देवनारायण जायसवाल अपने घर में भारी मात्रा में उत्तर प्रदेश की अंग्रेजी शराब रखकर धड़ल्ले से बेच रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता अपनी टीम के साथ देवनारायण जायसवाल के घर दबिश और देवनारायण जायसवाल के घर की तलाशी ली तो उसके घर से उत्तर प्रदेश राज्य की कुल 16.44 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) 59 (क) 36 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारू राम, अशोक सोनी, रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता तथा महिला सैनिक अंजू एक्का सक्रिय रही। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि थाना बसंतपुर और थाना त्रिकुंडा का क्षेत्र उत्तर प्रदेश के बॉर्डर से लगा हुआ है इसलिए इस क्षेत्र में काफी बाहरी राज्य का अवैध शराब बेचा जाता है।



## उरांव समाज ने पिल्खा बांध किनारे मनाया युवा सम्मेलन

**अंबिकापुर।** मूल पहड़ा उराव समाज के युवा प्रभाग द्वारा 24 दिसम्बर को पिल्खा बांध पोखरी में युवा सम्मेलन सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आपसी मेल-जोल बढ़ा कर समाज के विभिन्न प्रकार की समस्याओं को दूर करने, युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करने, समय प्रबंधन, शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय योजनाओं जैसे नवोदय विद्यालय प्रयास विद्यालय एकलव्य विद्यालय सैनिक विद्यालय के एंट्रेंस एग्जाम हेतु तैयारी के लिए कोचिंग की व्यवस्था हेतु पहल, समाज के सभी परिवारों में बचत को बढ़ावा देने और पूंजी निर्माण कर रोजगार धंधे को प्रोत्साहित करना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के बैगा और वरिष्ठ जन द्वारा सामूहिक पूजा एवं पारंपरिक पड़हा प्रार्थना से की गई। इसके साथ ही जिला स्तरीय उरांव समाज की इकाई उरांव समाज युवा समिति हेतु नवीन पदाधिकारी का मनोनयन किया गया जिसमें अध्यक्ष नवीन भगत, उपाध्यक्ष संध्या कुजूर, सचिव मेघा टोप्पो, सहसचिव जीत भगत, अरुण भगत, कोषाध्यक्ष पल्लवी टोप्पो, उप कोषाध्यक्ष निधि बैरागी, प्रवक्ता प्रकाश एक्का, रोजगार एवं शिक्षा मंत्री सुरेंद्र तिर्की, संस्कृति मंत्री गुंजा भगत, सहायक संस्कृति मंत्री चित्रांकिता (चित्रा) भगत, सूचना एवं प्रसारण मंत्री निरेंद्र केरकेट्टा, मीडिया सहायक श्रेया भगत, प्रकृति भगत, प्रियंका टोप्पो, परमजीत भगत, सुहानी कुजूर, विशाल निकुंज चुने गए। इसके साथ ही सम्मेलन में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां व खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गई। खेल प्रतियोगिताओं में किचरी कूरना प्रतियोगिता मे अंशु एवं देवेन्द्र ने प्रथम तथा प्रकाश मिंज एवं प्रियंका टोप्पो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पतंगली नू एकना प्रतियोगिता में अतखा पड़हा खैरबार ने प्रथम व अतखा पड़हा गंगापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिलाओं ने भी समूह गीत और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में उरांव समाज देवान उमेश भगत ने आभार प्रदर्शन किया।



## नवीन सर्व सोनार समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को नवीन सर्व सोनार समाज द्वारा मासिक बैठक समाज के जिला अध्यक्ष विनोद सोनी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में समाज को संगठित और इसके विस्तार करने को लेकर चर्चा की गई।

- समाज के पुरोधा स्व.रामचंद्र स्वर्णकार को दी गई श्रधांजलि

बैठक की शुरूवार में समाज के पुरोधा रहे स्वर्गीय रामचंद्र स्वर्णकार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अब हर माह के अंतिम मंगलवार को समाज की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सोनार समाज को एकजुट करने के साथ ही इसके विस्तार करने को लेकर बैठक में अनुभवी लोगों ने अपना अनुभव साझा किया। बैठक में शामिल होने पहुंचे समाज लोगों ने एक स्वर में इस बात पर जोर दिया कि समाज को एक नई दिशा देने के लिए सबसे जरूरी है कि लोग समाज से जुड़े और सामाजिक गतिविधियों में शामिल हों। नवीन सर्व सोनार समाज का उद्देश्य ही यही है कि समाज के लोगो को संगठन से जोड़ा जाए ताकि उसके विकास के लिए काम किया जा सके। नवीन सर्व सोनार समाज की बैठक में इस बात का भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में सभी पदाधिकारी अपने संगठन का विस्तार न सिर्फ जिले बल्कि पूरे संभाग में करेंगे ताकि लोगो के जुड़ने से संगठन को एक मजबूती मिल सके। इस बैठक में नवीन सर्व सोनार समाज के संभागीय प्रभारी रघुनाथ सोनी, समाज के संभागीय संरक्षक शिवराम सोनी, संभागीय अध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला अध्यक्ष विनोद सोनी, नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश सोनी, विजय सोनी, सुरेंद्र सोनी, अशोक सोनी, राजेन्द्र प्रशाद सोनी, विनोद सोनी, अंकुर सोनी, अरुण सोनी, सतीश सोनी, शेखर सोनी, अनूप सोनी के साथ अन्य मौजूद थे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ॐ जय माँ कंकाली ॐ

राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)



नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

डॉ.जे.पी. दुबे

मो.9630231500, 9630995600

पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे